आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला के अंतर्गत पांच हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही 705 करोड़ की 305 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

श्री योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तब ये लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद से देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अयोध्या, कन्नौज और कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है।

****

प्रधानमंत्री जन–धन योजना ने आज 10 साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

****

गोरखपुर को सोलर सिटी बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर खासा जोर दे रही है। इसके अंतर्गत 75,000 आवासीय भवनों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पोर्टल pmsuryaghar.gov.in के माध्यम से आवेदन हो रहा है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण– यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी गोविंद तिवारी ने बताया कि हर घर सोलर अभियान में 1 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाने पर केंद्र सरकार की तरफ से तीस हजार रुपये और राज्य सरकार की तरफ से 15 हजार रुपये यानी कुल पैंतालीस हजार रुपये का अनुदान मिल रहा है। 2 किलोवाट के सोलर प्लांट पर 90 हजार रुपये का अनुदान, जबकि 3 किलोवाट या इससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट पर एक लाख आठ हजार रुपये का अनुदान मिलेगा।

****

वाराणसी की 15 ग्राम–पंचायतों में सामुदायिक भवन/बारात घर के निर्माण को लेकर आज विकास भवन में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं जिला प्रशासन–वाराणसी के मध्य समझौता हुआ। करार के अंतर्गत भवन का निर्माण एक हजार एक सौ पचासी दशमलव नौ शून्य लाख से होगा। इसके तहत काशी विद्यापीठ विकास खंड के तीन, अराजीलाईन विकास खंड के छह एवं सेवापुरी विकास खंड के छह ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन/ बारात घर का निर्माण किया जाएगा।

****

उर्दू अदब की दुनिया में जिन नामों ने गोरखपुर को राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई, उनमें फिराक साहब का नाम सबसे पहले और पूरे अदब के साथ लिया जाता है। आज उनकी जयंती प्रदेश भर में मनाई जा रही है। गोरखपुर के गोला तहसील क्षेत्र के बनवारपार निवासी पेशे से वकील मुंशी गोरख प्रसाद इबरत के पुत्र के रूप में 28 अगस्त 1896 में रघुपति सहाय उर्फ फिराक गोरखपुरी का जन्म हुआ था। अंग्रेजी पढ़ने व पढ़ाने वाले फिराक साहब को उनकी कालजयी रचनाओं के लिए ज्ञानपीठ, पद्मभूषण, साहित्य अकादमी पुरस्कार सहित कई बड़े सम्मान हासिल हुए।

****

सुलतानपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट में आज दोपहर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सरेंडर किया। कोर्ट ने उन्हें 50–50 हजार के मुचलके पर जमानत दी है। बिजली–पानी को लेकर प्रदर्शन के 23 साल पुराने मामले में हाल के दिनों में सेशन कोर्ट ने संजय सिंह समेत सभी आरोपियों को तीन–तीन माह की सजा को बरकरार रखा था। इसको लेकर संजय सिंह हाइकोर्ट गए थे, जहां से उन्हें जमानत मिली। 19 जून 2001 के मामले में विद्युत बदहाली के विरोध में पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में शहर की सब्जी मंडी के निकट फ्लाई ओवर के पास धरना प्रदर्शन हुआ था। जिसमें आम आदमी पार्टी के वर्तमान राज्य सभा सदस्य संजय सिंह समेत अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

****

जिला रामपुर में आज आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को एमपी–एमएलए कोर्ट ने दोष मुक्त करार दिया है। फिलहाल सीतापुर जेल में बंद आजम खान पर वर्ष 2019 में उम्मीदवार रहते हुए अपनी कार लेकर राजकीय रजा महाविद्यालय मतदान केंद्र में पहुंचे थे। ऐसे में तत्कालीन एसडीएम पीपी तिवारी ने उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था। आज इस मामले में कोर्ट ने सुबूत नहीं होने के आधार पर आजम खान को दोषमुक्त करार दिया।

****